JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

# केंद्रीय विद्यालय संगठन,पटना संभाग

संकलित परीक्षा- 1 , सत्र - 2014-15

HINDI (course –A)

(हिंदी पाठ्यक्रम-अ)

कक्षा- नवीं

विषय – हिंदी

निर्धारित समय - 3 घंटे अधिकतम अंक - 90

निर्देश :- (i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – क,ख,ग,और घ।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खंड-'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिये सही विकल्प चुनकर लिखिए: - 1X5=5

साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर- बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना,यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं। साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रम लेता है जिन सपनों का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। साहसी मनुष्य सपने उधार नहीं लेता,वह अपने विचारों में रमा हुआ अपनी ही किताब पढ़ता है। झुंड में चलना और झुंड में चरना,यह भैंस और भेड़ का काम है। सिंह तो बिलकुल अकेला होने पर भी मगन रहता है।

(i) साहस की जिंदगी की क्या पहचान होती है ?

(क) बिलकुल बखौफ होती है (ख) बिलकुल बेरहम होती है

(ग) बिलकुल बेदाग होती है (घ) बिलकुल बेकसूर होती है

(ii) दुनिया की असली ताकत कौन होती है ?

(क) साहस की उपेक्षा करने वाला (ख) जनमत की उपेक्षा करने वाला

(ग) माता-पिता की उपेक्षा करने वाला (घ) जनमत को मनने वाला

(iii) साधारण जीव का काम क्या होता है ?

(क) अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना (ख) अड़ोस-पड़ोस की उपेक्षा करना

(ग) अड़ोस-पड़ोस के परामर्श से चलना (घ) अड़ोस-पड़ोस को साथ लेकर चलना

(iv) झुंड में चलना और झुंड में चरना किस का काम नहीं है ?

(क) भैंस-भेड़ का (ख) भेड़िए का

(ग) सिंह का (घ) हाथी का

(v) साहसी व्यक्ति किस की किताब पढ़ता है ?

(क) जिंदगी की (ख) साहस की

(ग) वीरता की (घ) अपनी ही

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिये सही विकल्प चुनकर लिखिए: - 1X5=5

मँहगाई या मूल्य वृद्धि से आज समस्त विश्व त्रस्त है। भारत बढ़ती मँहगाई की चपेट में बुरी तरह से जकड़ा हुआ है। जीवनोपयोगी वस्तुओं के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं, जिससे जनमाधारण को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मँहगाई से देश के आर्थिक ढाँचे पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। मँहगाई के निर्मम चरण अनवरत रूप से अग्रसर है, पता नहीं वे कब और कहाँ रुकेंगे? आज कोई भी वस्तु बाजार में सस्ते दामों पर उपलब्ध नहीं है। समाज का प्रत्येक वर्ग मँहगाई की मार को अनाहूत अतिथि की तरह सहन कर रहा है। इसका सर्वग्राही प्रभाव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर पड़ रहा है। सरकारी योजनाओं पर अत्यधिक खर्च हो रहा है। अपने स्वार्थ के लिए लोगों की धार्मिक,सामाजिक तथा नैतिक मान्यताएँ पीछे छूट जाती है और भ्रष्टाचार का बोलबाला हो जाता है। अर्थशास्त्र की मान्यता है कि यदि किसी वस्तु की माँग उत्पादन से अधिक हो तो मूल्यों में स्वाभाविक रूप से वृद्धि हो जाती है।

(i) आज मँहगाई से कौन दुखी है ?

(क) उद्योगपति (ख) सारा विश्व

(ग) चीन (घ) नेपाल

(ii) मँहगाई से देश का कौन-सा ढ़ाँचा डगमगा रहा है ?

(क) आर्थिक (ख) सामाजिक

(ग) राजनैतिक (घ) नैतिक

(iii) अर्थशास्त्र के अनुसार मँहगाई का कारण है।

(क) माँग मे अधिक उत्पादन (ख) धार्मिक मान्यताएँ

(ग) उत्पादन से अधिक माँग (घ) राजनैतिक दबाव

(iv) अनाहूत का विलोम शब्द है -

(क) हूत (ख) आहूत

(ग) अहुत (घ) नाहुत

(v) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है ।

(क) भ्रष्टाचार (ख) अर्थशास्त्र

(ग) जमाखोरी (घ) मँहगाई

3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिये सही विकल्प चुनकर लिखिए: - 1X5=5

हम जंग न होने देंगे !
विश्व-शांति के हम साधक हैं,जंग न होने देंगे !
कभी न खेतों में फिर खूनी खाद फैलेगी,
खलिहानों में नहीं मौत की फसल खिलेगी
आसमान फिर कभी न अंगारे उगलेगा,
एटम में नागासाकी फिर नहीं जलेगी,
युद्ध विहीन विश्व का सपना भंग न होने देंगे।
जंग न होने देंगे !
हथियारों के ढेरों पर जिनका है डेरा,
मुँह में शांति ,बगल में बम, धोखे का फेरा
कफन बेचने वालों से कह दो चिल्लाकर
दुनिया जान गई है उनका असली चेहरा
कामयाब हो उनकी चालें,ढंग न होने देंगे।
जंग न होने देंगे !
हमें चाहिए शांति, जिंदगी हम को प्यारी
हमें चाहिए शांति,सृजन की है तैयारी
हमने छड़ी जंग भूख से,बीमारी से
आगे आकर हाथ बटाए दुनिया सारी।
हरी-भरी धरती को खूनी रंग न लेने देंगे।
जंग न होने देंगे !
भारत-पाकिस्तान पड़ोसी, साथ-साथ रहना है,
प्यार करें या वार करें, दोनों को ही सहना है,
तीन बार लड़ चुके लड़ाई, कितना महँगा सौदा,
रूसी बम हो या अमेरिकी , खून एक बहना है।
जो हम पर गुजरी बच्चों के संग न होने देंगे।
जंग न होने देंगे !

(i) 'खलिहानों में नहीं मौत की फसल खिलेगी' - पंक्ति का सही आशय क्या है?

(क) खेत-खलिहानों में मौत का सन्नाटा नहीं छायेगा।
(ख) खेतों में ऐसी फसलें नहीं होंगी जिससे किसी की मौत हो ।
(ग) फसलों की मौत नहीं होगी
(घ) खेतों में कोई नहीं मरेगा

(ii) 'आसमान फिर कभी न अंगारे उगलेगा'- पंक्ति का सही आशय क्या है?

(क) आकाश से सूरज की तेज किरणें नहीं आएँगी।
(ख) सूरज हमेशा-हमेशा के लिए अस्त हो जाएगा।
(ग) परमाणु-बम का फिर प्रयोग नहीं होगा।
(घ) अब आतिशबाजी नहीं हुआ करेगी।

(iii) युद्ध को 'महँगा सौदा' क्यों कहा गया है?

(क) कीमती शस्त्रों के कारण
(ख) सैनिकों पर होने वाले खर्च के कारण
(ग) अनगिनत मौतों के कारण
(घ) शांति-भंग होने के कारण

(iv) कवि कौन-सी जंग छेड़ना चाहता है?

(क) पाकिस्तान से
(ख) भूख और बीमारी से
(ग) मानवता से
(घ) युद्ध मे

(v) 'सृजन' का विलोम छाँटिए?

(क) ध्वंस
(ख) निर्माण
(ग) विकास
(घ) ह्रास

4. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिये सही विकल्प चुनकर लिखिए: - 1X5=5

विषुवत-रेखा का वासी जो,
जीता है नित हाँफ-हाँफ कर,
रखता है अनुराग अलौकिक,
वह भी अपनी मातृभूमि पर ।
ध्रुव वासी जो हिम में,तम में,
जी लेता है काँप-काँप कर ,
वह भी अपनी मातृभूमि पर,
कर देता है प्राण निछावर॥
तुम तो हे प्रिय बंधु! स्वर्ग सी,
सुखद-सकल विभवों की आकर,
धरा-शिरोमणि मातृभूमि में,
धन्य हुए हो जीवन पाकर।
तुम जिसका जल-अन्न ग्रहण कर,
बड़े हुए लेकर जिसका रज,
तन रहते कैसे तज दोगे,
उसको हे वीरों के वंशज॥
जब तब साथ एक भी दम हो,

हो अवशिष्ट एक भी धड़कन,
रखो आत्म-गौरव से ऊँची,
पलकें, ऊँचा सिर ,ऊँचा मन ।

(i) विपुवतीय प्रदेश में रहने वालों को क्या कष्ट होता है ?

(क) दूर-दूर तक चलने के कारण वे हाँफने लगते हैं
(ख) मातृभूमि की रक्षा में कष्ट सहन करने पड़ते है
(ग) अत्यधिक गर्मी सहन करनी पड़ती है
(घ) वहाँ बहुत सर्दी होती है

(ii) विपुवत-रेखा और ध्रुव प्रदेश के वासी अपनी मातृभूमि के प्रति कैसी भावनाएँ रखते हैं?

(क) प्राण न्योछावर करने को तैयार रहते हैं
(ख) वहाँ रहते हुए भय से काँपते हैं
(ग) छोड़कर जाना चाहते हैं
(घ) प्रसन्नतापूर्वक रहते हैं

(iii) कवि ने वीरों का वंशज किन्हें कहा है?

(क) प्रिय बंधुओं को
(ख) विपुवत रेखा के वासियों को
(ग) भारतीयों को
(घ) ध्रुव वासियों को

(iv) प्रस्तुत कविता में कवि क्या संदेश दे रहा है?

(क) प्रदेश के प्रति प्राण भी न्योछावर करने को तैयार रहो
(ख) धरा-शिरोमणि में जन्म लेने के कारण अहंकार करो
(ग) देश को छोड़कर मत जाओ
(घ) औरों की तरह कष्ट सहन करो

(v) किस शब्द का अर्थ 'प्रेम' है?

(क) अलौकिक
(ख) सुखद
(ग) आकर
(घ) अनुराग

## खंड-'ख'

5. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए- 1X4=4

(क) 'आजन्म' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूलशब्द लिखिए -

(ख) 'अति' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

(ग) 'कृपालु ' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय व मूल शब्द लिखिए।

(घ) 'आहट' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

6. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का भेद भी लिखिए - 1X3=3
दशानन, नीलकंठ, दिन-रात

7. अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों का भेद लिखिए - 1X4=4

(क) यदि वर्षा होती,तो फसल अच्छी होती।

(ख) वाह! कितना सुंदर दृश्य है।

(ग) भगवान आपका भला करे।

(घ) कितने बजे हैं ?

8. निम्नलिखित पद्यांशों में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए - 1X4=4

(क) काली घटा का घमंड घटा

(ख) मैया मैं तो चंद्र-खिलौना लैहौं।

(ग) तब तो बहता समय शिला-सा जम जाएगा।

(घ) विमल वाणी ने वीणा ली।

## खंड-'ग'

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिये सही विकल्प चुनकर लिखिए: - 1X5=5

वैशाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता हो,पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा। उसके चेहरे पर एक विषाद स्थायी रूप से छाया रहता है। सुख-दुख,हानि-लाभ,किसी भी दशा में उसे बदलते नहीं देखा। ऋषियों-मुनियों के जितने गुण हैं वे सभी उसमें पराकाष्ठा को पहुँच गए हैं, पर आदमी उसे वेवकूफ़ कहता है। सद्‌गुणों का इतना अनादर कहीं नहीं देखा। कदाचित सीधापन संसार के लिए उपयुक्त नहीं है।

(i) इस अनुच्छेद में किस पर व्यंग्य है?

(क) सीधेपन पर (ख) बेवकूफ़ी पर

(ग) सद्‌गुणों पर (घ) सादगी पर

(ii) 'कुलेल करना' का आशय है-

(क) खेल खेलना (ख) गुलेल चलाना

(ग) मस्ती करना (घ) कुरला करना

(iii) 'स्थायी विषाद' का तात्पर्य है -

(क) निरंतर असंतोष (ख) निरंतर दुख

(ग) निरंतर निराशा (घ) निरंतर उदासी

(iv) ऋषि-मुनियों और गधे में क्या समानता देखी गई है?

(क) सज्जनता और सादगी (ख) अत्यधिक सहनशीलता

(ग) बेवकूफ़ी (घ) सदा एक-समान रहना

(v) लोग सद्‌गुणों का अनादर कैसे करते हैं?

(क) ऋषि-मुनियों को अपमानित करके (ख) बेवकूफ़ों को गधा कहके

(ग) सीधेपन को अपमानित करके (घ) सहनशील लोगों को गधा कहके

अथवा

हम समुद्रतल से 17-18 हज़ार फीट ऊँचे खड़े थे। हमारी दक्खिन की तरफ़ पूरब से पश्चिम की ओर हिमालय के हज़ारों श्वेत शिखर चले गए थे। भीटे की ओर दीखने वाले पहाड़ बिलकुल नंगे थे, न वहाँ बरफ़ की सफ़ेदी थी,न किसी तरह की हरियाली, उत्तर की तरफ़ बहुत कम बरफ़वाली चोटियाँ दिखाई पड़ती थी। सर्वोच्च स्थान पर डाँड़े के देवता का स्थान था, जो पत्थरों के ढेर, जानवरों की सींगों और रंग-बिरंगे कपड़े की झंडियों से सजाया गया था।

(i) लेखक कहाँ जा पहुँचा?

(क) 17-18 कि.मी. (ख) 17-18 हज़ार फीट की ऊँचाई पर

(ग) 17-18 मी. ऊँचाई पर (घ) गहराई पर

(ii) भीटे की ओर दीखने वाले पहाड़ कैसे थे?

(क) हरियाली से भरे थे (ख) पथरीले थे

(ग) नंगे थे (घ) सूखे थे

(iii) उत्तर की तरफ क्या दिखाई पड़ता था ?

(क) अधिक बर्फ़ वाली चोटियाँ (ख) कम ऊँचाई वाली चोटियाँ

(ग) कम बर्फ़ वाली चोटियाँ (घ) अधिक ऊँचाई वाली चोटियाँ

(iv) सर्वोच्च स्थान पर क्या था ?

(क) पहाड़ों के देवता (ख) ऊँचे-ऊँचे पर्वत

(ग) डाँड़े के देवता (घ) बर्फ़ीली चोटियाँ

(v) लेखक का नाम लिखो-

(क) प्रेमचंद (ख) श्यामचारण दुबे

(ग) राहुल सांकृत्यायन (घ) जाबिर हुसैन

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए - 2X5=10

(क) छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया?

(ख) तिब्बत की कौन-कौन-सी बातें लेखक को अच्छी लगी?

(ग) उपभोक्तावाद ने भारतीय संस्कृति को किस प्रकार हानि पहुँचाई है?

(घ) सालिम अली और डी. एच. लॉरेंस में क्या समानता थी?

(ङ.) हीरा नरम विचारों तथा मोती गरम विचारों वाला क्रांतिकारी है –स्पष्ट कीजिए।

11. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: - 1X5=5

मानसरोवर सुभर जल, हंसा केलि कराहिं।
मुकताफल मुकता चुगैं, अब उड़ि अनत न जाहिं ॥

(i) 'मानसरोवर' से क्या आशय है?

(ii) 'सुभर जल' का प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'हंस' किनका प्रतीक है?

(iv) 'मुकताफल चुगने' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(v) हंस अब अन्य कहीं क्यों नहीं जाना चाहते?

अथवा

मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं ,गुंज की माल गरे पहिरौंगी।
ओढ़ि पितंबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारनि संग फिरौंगी॥
भावतो वोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी।
या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी ॥

(i) गोपी कौन-सा रूप धारण करना चाहती है, और क्यों?

(ii) नायिका होठों पर मुरली क्यों नहीं रखना चाहती?

(iii) 'मुरलीधर' किसे कहा गया है और क्यों?

(iv) 'मोरपखा' किसे कहा गया है?

(v) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण छाँटिए।

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए - 2X5=10

(क) मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढता फिरता है ? 'कबीर के पद' के आधार पर लिखिए।

(ख) रसखान के पठित सवैयों के आधार पर बताइए कि सच्चे प्रेम के क्या लक्षण होते हैं?

(ग) हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है? 'कैदी और कोकिला' पाठ के आधार लिखिए।

(घ) कवि ने गाँव को 'हरता जन मन' क्यों कहा है?

(ङ.) ललद्यद ने परमात्मा-प्राप्ति का कौन-सा उपाय बताया है?

13. जब लेखक को यह एहसास हुआ कि उसके इलाके में पानी घुसने की संभावना है तो उसने क्या-क्या प्रबंध किए? 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर लिखिए। 5

अथवा

आज़ादी के आंदोलन में लेखिका की नानी की किस प्रकार की भागीदारी रही? 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर लिखिए।

## खंड-'घ'

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में एक निबंध लिखिए - 10

(क) आदर्श विद्यार्थी

(i) विद्यार्थी से तात्पर्य (ii) आदर्श विद्यार्थी कौन

(iii) आदर्श विद्यार्थी के गुण (iv) सफलता

(ख) भारत की वैज्ञानिक उन्नति

(i) विज्ञान के बढ़ते चरण (ii) भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियाँ

(iii) विज्ञान के विविध उपयोग (iv) भारत का स्थान

(ग) इंटरनेट

(i) इंटरनेट क्या है? (ii) यह कैसे काम करता है ?

(iii) इंटरनेट के उपयोग (iv) अधिकाधिक प्रयोग

15. 'पेय जल की बढ़ती समस्या' को लेकर जल अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

आपके छात्रावास एवं विद्यालय में बिजली अनियमित ढंग से आती जाती रहती है । इससे होने वाली असुविधाओं का उल्लेख करते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

16. केंद्रीय विद्यालय संगठन पटना संभाग के द्वारा 27 वाँ युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन 29 अगस्त 2014 को केंद्रीय विद्यालय दानापुर कैंट में किया गया, जिसका प्रतिवेदन लगभग 100 से 150 शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया होगा,उस पर लगभग 100 से 150 शब्दों में एक प्रतिवेदन लिखिए।

************************************************************